## खबर संक्षेप

### शनिवार को जोन कार्यालय एवं मुख्यालय खुले रहेंगे

**सतना।** नगर पालिक निगम कार्यालय द्वारा क्षेत्रान्तर्गत सभी करदाताओं को सूचित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन में मात्र 09 दिवस शेष है। करदाता सुगमता पूर्वक अपने करो का भुगतान कर सकें जिसके लिए आयुक्त के आदेशानुसार दिनांक 23 मार्च शनिवार को सभी जोन कार्यालय एवं निगम मुख्यालय में वसूली कार्य सुचारु रुप से संचालित रहेगा। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने यहां जारी विज्ञप्ति में दी उन्होंने करदाताओं से अनुरोध किया है कि वित्तीय वर्ष समापन के पूर्व अपने करों का भुगतान कर 15 प्रतिशत अधिभार से बचें।

### 25 मार्च को बंद रहेंगे पंजीयक कार्यालय

**सतना।** जिला पंजीयक डॉ कीर्ति सिंह बघेल ने बताया कि 25 मार्च को होली पर्व के दिन जिले के समस्त पंजीयक और उप पंजीयक कार्यालय कार्यरत नहीं रहेंगे। उन्होने बताया कि 25 मार्च के अलावा मार्च माह के शेष बचे दिवसों में पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**सतना।** होली उत्सव पर्व 2024 के संबंध में जिले में शांति व्यवस्था और सद्भावना बनाये रखने के उद्देश्य से 23 मार्च को दोपहर 12 बजे से संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### कलेक्टर मैहर और पुलिस अधीक्षक ने मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने शुक्रवार को आगामी आने वाले त्यौहार होली,उर्स और चैत्र नवरात्रि को लेकर अमरपाटन तहसील स्थित मुकुंदपुर के जगन्नाथ स्वामी मंदिर का निरीक्षण किया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने होली के अवसर पर आयोजित होने वाले अटका प्रसाद वितरण में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा के संबंध में पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही अमरपाटन क्षेत्र में पुरातात्विक मंदिर में रखी मूर्तियों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होने मूर्तियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम अमरपाटन आरती यादव, तहसीलदार अमरपाटन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि मुकुंदपुर के श्री जगन्नाथ जी स्वामी मंदिर में होली पर्व के दौरान अटका प्रसाद (कढ़ी चावल) वितरण किया जाता जाया है। जहां पर प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप एवं इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन व गिरफ्तारी

**सतना।** आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मांग की गई कि 6000 करोड़ का असंवैधानिक चुनावी चंदा खाए देश की प्रमुख पार्टी के प्रमुख को गिरफ्तार न कर देश के बच्चों के लिए अच्छे स्कूल,अस्पताल,मुफ्त बिजली देने वाले को जेल मे ठूंसा जा रहा है यह असंवैधानिक एवं निंदनीय है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने ज्यादती करते हुये संजय बंका(राष्ट्रीय परिषद सदस्य आप) दीपक बुधौलिया(संयुक्त सचिव,आप),प्रशांत पाण्डेय,अमित सिंह,वीरेन्द्र सहाय सक्सेना की गिरफ्तारी हुई। इस अवसर पर संजय सिंह तोमर(संयोजक-इंडिया गठबंधन),अरुण कुशवाहा,शशि दीपक सिंह,अकबर मस्तान, खान,पिंटू गर्ग,एवं बहुतायत आप एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## मिलावट खोरी के खिलाफ जगह-जगह कार्रवाई

# वीनस स्वीट में छापा, कलाकंद पेड़ा और पनीर की सैंपलिंग




**सतना।** खाद्य विभाग की टीम ने राजेंद्र नगर इंडियन बैंक के बगल में संचालित वीनस स्वीट्स नामक दुकान में छापा मार कार्रवाई करते हुए यहां निर्मित मिठाइयों की सैंपलिंग की। जैसे ही खाद्य विभाग की टीम यहां पहुंची वैसे ही दुकान में मौजूद उपभोक्ताओं के बीच हड़कंप मच गया। लोगों को लगा कि वह जो खुद खरीद रहे हैं वह कितना शुद्ध है। बहरहाल खाद्य विभाग की टीम ने होली के त्यौहार को देखते हुए मिलावट खोरों को खिलाफ अभियान शुरू कर रखा है। खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि राजेंद्र नगर में सिंह होटल में मिल्क केक और मोतीचूर के लड्डू की भी सैंपलिंग की गई है। इसके अलावा प्रथम रेजिडेंसी और अपना होटल में भी खाने पीने के सामानों का सैंपल लिया गया है। खोवा मंडी में खोवा की सैंपलिंग की गई है। आपको बता दें कि पिछले दिनों सर्किट हाउस चौक पर वीरजी रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने छापा मारा था। जहां पर टीम को किचन के अंदर कई दिन पुरानी पत्ता गोभी हाथ लगी है जो खाने योग्य नहीं पाई गई थी। खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल को जप्त कर सब्जी को बाहर फेंकवा दिया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह ने बताया कि उनकी टीम सतना के सर्किट हाउस चौक पर संचालित वीरजी रेस्टोरेंट निरीक्षण करने पहुंची थी। जहां पर टीम ने किचन पहुंचकर खाद्य सामग्री का अवलोकन किया। यहां पर बंधा गोभी काफी दिनों पुरानी रखी हुई मिली, इसके बाद टीम ने रेस्टोरेंट के मालिक को नोटिस जारी किया है।

## आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर प्रदर्शन करने वाले आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मुकदमा



**सतना।** पुलिस ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया है। आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया था। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सेमरिया चौराहा सतना में लगभग 05-06 लोगों द्वारा आम आदमी पार्टी का झंडा बैनर लेकर आमसभा का आयोजन एवं विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी,उनि एपी तिवारी,सउनि उमेश पाण्डेय,सउनि उपेन्द्र सिंह मय स्टाफ व एफएसटी टीम-1 में लगे अधिकारी नरेश पटेल पिता जानकी प्रसाद पटेल 34 वर्ष पता-कार्यालय सहायक श्रमआयुक्त सतना हाल-एफएसटी-1 टीम प्रभारी सतना द्वारा मौके में पहुंचकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से आमसभा एवं विरोध प्रदर्शन के संबंध मे सक्षम अधिकारी की अनुमति चाही गई किन्तु उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नही होना बताया गया। एकत्रित हुये व्यक्तियों से नाम पता पूंछा गया जिन्होने अपना नाम डा.अमित सिंह निवासी शुक्ला बरदाडीह,संजय बंका निवासी नवरंग पार्क बिरला रोड,प्रशांत पाण्डेय निवासी हिनौती,वीरेन्द्र सहाय सक्सेना निवासी पतेरी थाना सिविल लाइन एवं दीपक बुधौलिया निवासी प्रेम बिहार,प्रेमनगर का होना बताये वर्तमान मे लोकसभा निर्वाचन 2024 मे परिपेक्ष्य आदर्श आचार संहिता प्रभावी है जो उक्त लोगों का कृत्य आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने से मौके पर झंडा बैनर कब्जे में लेकर जव्त किया गया। उपरोक्त व्यक्तियों का कृत्य अपराध धारा 188 भा0द0वि. के तहत दण्डनीय पाये जाने से प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# दयोदय धरा में संत समागम किया गया आत्मिक अभिनंदन

**सतना।** स्वामी नारायण पंथ (अक्षरधाम मंदिर ट्रस्ट) के प्रमुख संत पूज्य प्रशांत मुनि के नेतृत्व में 27 संतों का शुभागमन,दयोदय गौशाला सतना के प्रांगण में हुआ। विश्व में 1200 मंदिरों के संचालन करने वाले अक्षरधाम ट्रस्ट के संत-समूह का अभिनंदन करने का सुअवसर दयोदय परिवार को प्राप्त हुआ। सर्वप्रथम संत समूह ने युग शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन किया। दयोदय कमेटी ने सभी संतो का प्रीत दुपटटा से स्वागत किया एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने फूल माला से अभिनंदन किया। महापौर योगेश ताम्रकार ने संतों का सतना की धरा पर अभिनंदन किया। गुजराती समाज के अध्यक्ष कमलेश पटेल सतना के सर्व समाजों के समभाव से अवगत कराया। जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष ईंजी रमेश ने दयोदय की गतिविधियों की प्रस्तावना रखी।संत प्रमुख प्रशांत मुनि ने गौ-सेवा को प्रभु-सेवा के समतुल्य बताते हुए दयोदय गौशाला की प्रशंसा की।कार्यक्रम का संचालन प्रिंटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शाह ने किया।दयोदय अध्यक्ष अभिषेक जैन(लकी) ने संतों व सभासदों का आभार किया। संत-समूह ने गौशाला का भ्रमण कर गायों को गुड़-चारा खिलाया। कार्यक्रम का समापन परमपूज्य आचार्य की आरती से हुआ। कार्यक्रम





में मणिकांत माहेश्वरी,हिन्दू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष रामावतार चमड़ियिा,सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा,कैट के प्रदेश मंत्री अशोक दौलतानी,मनमोहन माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कंट्रोल रुम में उपस्थिति नहीं देने पर दो कर्मचारियों को नोटिस

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में चौबीसों घंटे सूचनाओं और शिकायतों के आदान-प्रदान के लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रुम गठित किया जाकर अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार कंट्रोल रुम में एमपीडब्ल्यू चंद्रकांत पाठक की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक और सहायक ग्रेड-3 संतोष कुमार की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये लगाई गई है। लेकिन ड्यूटी आदेश जारी होने के बाद से अभी तक चंद्रकांत पाठक और संतोष कुमार द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई है। संबंधितों के इस कृत्य से कंट्रोल रुम का कार्य बाधित हुआ है। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने दोनो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 24 घंटे के अंदर समाधानकारक जवाब देने के निर्देश दिये हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण के कार्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता बरतना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। क्यों न मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 10 के तहत आपको अनुपस्थित मानते हुये अनुपस्थित दिनांको का वेतन रोका जाये।

## चैत्र नवरात्रि मेले की व्यवस्था दुरुस्त करने दिए गए निर्देश

**मैहर।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड मैहर मां शारदा मंदिर में 9 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले की व्यवस्था को लेकर मां शारदा प्रबंध समिति, प्रशानिक अधिकारी और पुलिस प्रशासन के साथ बिजली, पानी, सफाई और व्यवस्था को लेकर बैठक की गई। इस अवसर पर सभी विभागों को संबंधित जिम्मेदारियां विद्युत विभाग को बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने और ट्रांसफार्मर संबंधित परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका को चलित शौचालय, सफाई व्यवस्था और पीने के पानी के टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए एवं सीएमएचओ को मेला प्रांगण में चिकित्सा व्यवस्था के लिए डॉक्टर की टीम



और एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में उपचार की व्यवस्था की जा सके। इसी प्रकार दिशा निर्देश दिए गए की मैहर आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। पीएचई विभाग को आदेशित किया गया की साफ पीने के पानी की व्यवस्था करने के आदेश दिए। मंदिर प्रांगण की सफाई व्यवस्था को लेकर आदेश दिया गया की सभी दुकानदारों से साफ सुथरे और बड़े डस्टबीन रखे और जिन दुकानदारों द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाता उसके खिलाफ चलानीय कार्यवाही करते हुए डस्टबीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### जगन्नाथ मंदिर में होली मिलन विशाल भंडारा

**मैहर।** श्री केशरवानी समाज के द्वारा 25 मार्च को मैहर मां शारदा की पावन धारा में प्राचीनतम भगवान जगन्नाथ मंदिर में अटका प्रसाद 56 प्रकार के भोग से विधिवत विधि विधान के अनुसार सनातन धर्म के तहत पंडितों के द्वारा पूजन अर्चन श्री केसरवानी समाज मैहर के तत्वाधान में किया जावेगा। समाज के प्रमुख अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता संरक्षक मिथिलेश प्रसाद गुप्ता ओमप्रकाश गुप्ता एके गुप्ता सुदामा प्रसाद गुप्ता इंजीनियर राजेंद्र गुप्ता राकेश गुप्ता के अलावा सचिन अशोक गुप्ता कोषाध्यक्ष गगन गुप्ता एवं समाज के मीडिया प्रभारी राम प्रकाश गुप्ता राजाराम गुप्ता रामबली गुप्ता संरक्षक संरक्षक वेद प्रसाद गुप्ता नरोत्तम गुप्ता हरिश्चंद्र गुप्ता सहित सभी सामाजिक बंधुओं से एवं नगर के सामाजिक राजनीतिक बंधुओं से भी भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर में आयोजित भंडारे के प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

### शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सतना।** सिंहपुर थाना पुलिस ने शराब की अवैध रूप से बिक्री करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम चितौंधा में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि मनीष लोधी अपनी अहरी में टीन सेट वाले कच्चे मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के प्रयोजन से अपने अधिपत्य में रखा है। मुखबिर द्वारा बताये हुलिया का एक व्यक्ति दिखा,जो पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास करने लगा। घेराबंदी कर पकडा व नाम पता पूछने पर अपना नाम मनीष लोधी पिता तीरथ प्रसाद लोधी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम चितौंधा,थाना सिंहपुर,जिला सतना (म.प्र.) का होना बताया,जिसकी अहरी में बनी टीन सेट वाले मकान की तलाशी ली गई,आठ नग खाखी रंग की कार्टून की पेटियां रखी पाई गई। आठ पेटियों में अंग्रेजी गोवा शराब,प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्लास्टिक की शीशियां जिसके रेपर में गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब लेख है,प्रत्येक शीशी 180 एम एल की कुल 400 शीशी,प्रत्येक शीशी का मूल 110 रुपये कुल मात्रा 72 वल्क लीटर कीमती 44000 रुपये की भरी हुई पाई गई।आरोपी मनीष लोधी का यह कृत्य धारा 34(2) आब.एक्ट से दण्डनीय होने से आरोपी मनीष लोधी के अधिपत्य से बरामद आठ पेटियों में मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया।आरोपी मनीष लोधी को गिरफ्तारी का कारण बताते हुये गिरफ्तार किया गया।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर,आर.पुष्पेन्द्र सिंह, आर.अमितेश जायसवाल,आर.शशांक द्विवेदी,आर.चालक मनोज गुप्ता,आर.विक्रम सिंह की भूमिका बताई गई है।

## इस वर्ष पानी की समस्या अलग ही रंग लाएगी

### कुंओ, तालाबों की सफाई नहीं की गई, हैण्ड पंपों की मरम्मत नहीं होने से जल संकट बना

**मैहर।** मां शारदा देवी की पवित्र नगरी एवं आस पास के क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर न तो नगर पालिका अधिकारी न तो जनप्रतिनिधि गंभीर है? यह बात इसलिए मंथन करने की जरूरत हैं कि क्योंकि मैहर नगरीय क्षेत्र में लगभग 30 तालाब थे लेकिन आज कुछ ही तालाब अस्तित्व में बच्चे बाकी तो किसी न किसी रूप में कब्जे की भेंट चढ़ गए है जिसके चलते शहर में पानी का लेबल काफी गिर चुका है। नगर के कुओं एवं हैण्डपंपों को भी नजरअंदाज कर दिया गया है क्यों कि न नगर के कुओं की कभी सफाई न ही कराई जाती है न ही बिगड़ें हैण्डपंपों की मरम्मत कर उनमें पाइप डाले जाते है कि पानी आ सके उल्टा पाइप तक पानी न पहुंचने के कारण अधिकांश हैण्डपंप पानी की जगह हवा निकाल रहे।

#### क्यों बहाया गया लिलजी नदी का पानी

इसी तरह मैहर नगरीय क्षेत्र में लगभग दो नदिया जीवनदायनी कहलाती थी जिसमें टमस नदी का पानी सूख जाने के बाद पानी का स्त्रोत देवी जी धाम के लिलजी नदी के सहारे चलता था लेकिन न जाने विगत दिनों किसके आदेश से लीलजी नदी की पानी मार्च के शुरुआती समय में ही नदी का पानी पूरा सिंचाई विभाग ने गेट खोलकर बहवा दिया है।

#### मेला के समय होगी परेशानी

क्षेत्र में शासकीय व निजी बोर कराने पर पानी नाम मात्र का आ रहा है तो ऐसे में अप्रैल महीने के समय में व नौरात्रि मेला की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है तो पानी को लेकर गंभीर स्थिति नजर आएगी। मेला व नगर के क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब कि लिलजी नदी के पानी पर कोई भी जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने संज्ञान में क्यों नहीं लिया कि आखिर सिंचाई विभाग ने लिलजी नदी के पानी को भीषण गर्मी से आने से पहले किसकी आदेश से पूरा पानी बहवा दिया गया और जब जल संकट गहराएगा तो कौन जिम्मेदार होगा। पहली बार ऐसा हुआ कि लीलजी नदी की जमीन सूखी पड़ी है और दरारें आ गयी। अब शासन प्रशसन के सामने पानी को लेकर बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। मैहर क्षेत्र की जनता पानी की समस्या को लेकर पीएचई में पदस्थ चंदेल साहब को यदि फोन करके कोई गरीब अपने मोहल्ले के हैंड पंप बनवाने का निवेदन करना चाहे तो साहब सुनना पसंद नही करते चाहे गरीब जनता दो-दो महीनों से पानी पीने के लिए भटकते रहे। ऐसा ही ताजा मामला आमातरा के हरिजन मोहल्ले का हैंड पंप पिछले दो महीनो से बंद है जिसको लेकर कई बार निवेदन करने के बाद भी हैंड पंप बनवाना तो दूर की बात है साहब समस्या सुनना तक पसंद नही कर रहे है जनता अपनी विनती किसे सुनाएं।

# लालजी अग्रवाल की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी



**सतना।** भाजपा के संस्थापक जिला अध्यक्ष स्वर्गीय लाल जी अग्रवाल की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके करीबी मित्र समाज सेवी धनश्यामदास गोयल का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।चेंबर भवन में आयोजित इस पुष्पांजलि कार्यक्रम मे धनश्यामदास गोयल, चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,अशोक गुप्ता,मनोहर डिगवानी,ओमप्रकाश अग्रवाल,रामअवतार चमड़यिा, संजय शाह,दीपक अग्रवाल आदि लोगो ने अपने विचार रखे और श्रद्धेय स्व लालजी अग्रवाल के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चेम्बर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप कुमार जैन, मंत्री हरिओम गुप्ता, सहमंत्री कमल पुरस्वानी के साथ-साथ कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण भी उपस्थित रहे, साथ ही आशीष मोंगिया, रोहित अग्रवाल, अभिषेक खण्डेलवाल, संजय वाधवानी, दिलीप सोनी के अलावा कई लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जारी कार्यक्रम अनुसार मतदान संपन्न कराने कार्यक्रम जारी किया गया है। इसी संदर्भ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर मतदाता जागरूकता विधानसभा क्षेत्र 57-हटा के लिये रवाना किया गया, जिसे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सहायक रिटर्निंग आफीसर हटा राकेश मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व मौजूद थे। मतदाता जागरूकता रथ में मेरा वोट, मेरा फैसला, जागरूक मतदाता, देश का हौसला, मतदान के लिये आपका नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है,मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक को अपने साथ मतदान केन्द्र पर ले जाकर मतदान अवश्य करें, डॉक मतपत्र सुविधा के लिये 1950 पर कॉल करें अथवा अपने बीएलओ से संपर्क करें। जागरूक होकर करें मतदान, हर एक वोट है मूल्यवान का संदेश दिया गया है।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**हिंडोरिया।** पुलिस अधीक्षक दमोह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी पथरिया रघु केसरी के आदेशानुसार थाना हिंडोरिया प्रांगण में हिन्दू भाईयों के होली , धुडेड़ी एवं मुस्लिम भाईयों के रमजान को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे शासन द्वारा इन त्योहारों को लेकर निर्धारित गाइडलाइन के संबंध में गणमान्य नागरिकों को अवगत कराया गया। सभी ने पर्व आपसी सदभाव एवं परंपरागत ढंग से मनाने का निर्णय लिया।बैठक मे नायाब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अमित गौतम , सीएमओ गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

## होलिका पर्व के नजदीक आते ही पलाश के फूल जंगल की बढ़ा रहे खूबसूरती

**बनवार।** वसंत ऋतु के बीतने व होलिका पर्व के नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। पेड़ों पर पलाश के फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे वातावरण का सौंदर्य बढ़ने लगा है। खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। हालांकि रंग उत्सव के लिए चंद दिन शेष है। लेकिन प्रकृति ने इसकी तैयारी वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही कर ली थी।

### युवाओं को रोजगार दिलाने में दक्षिण वन मण्डल अधिकारी की सोच चर्चा में

# वन भूमि में रूकेंगे अपराध वहीं परिवारों का होगा जुड़ाव

**पन्ना।** वर्तमान समय में विकास के इरादे तरह-तरह से सामने आते है दक्षिण वन मण्डल अधिकारी पुनीत सोनकर की सोच के चलते वन अमले ने जहां युवाओं को रोजगार दिलाने की दिशा में एल.एन.टी. कंपनी में युवाओं को बखूबी जोड़ते हुये उन्हें प्रशिक्षण की दिशा को लेकर अंजाम दिया गया वर्तमान में 65 के लगभग युवाओं को रोजगार की दिशा से जोड़ने की अभिनव पहल जो कहीं न कहीं दूरगामी बदलाव व वन विभाग से परिवारों का होगा जुड़ाव जिले में विभाग प्रमुखों की सोच से ही विकास की दिशायें तय होती है जो अलग-अलग दिशाओं से होकर भी भावी भविष्य के निर्माण में योगदान रखती है ऐसी ही दास्तां जिले के दक्षिण वन मण्डल अधिकारी पुनीत सोनकर के मार्गदर्शन में दक्षिण वन मण्डल के अमले ने युवाओं को रोजगार दिलाने के लिये एल.एन.टी. कंपनी के सहयोग से साझा प्रयास किये जिसके चलते पवई हो या रैपुरा जहां से युवाओं को एल.एन.टी. कंपनी में सीधे प्रशिक्षण को लेकर दिशा तय हुई है सूत्रों की मानें तो लगभग 65 युवाओं का भविष्य बेरोजगारी से बदलाव को मानते हुये अब उन्हें रोजगार से जोड़ने का यह प्रयास साबित हुआ। जिसके चलते वन भूमि में जहां अवैध उत्खनन व अवैध गतिविधियां से युवा कहीं न कहीं खाली



दिमाग के कारण सोच पनपती थी वह वह भी बदलेगी जब प्रशिक्षित होकर रोजगार मिलेगा रोजगार से परिवार का गुजारा होगा परिवारों की सोच बदलेगी वहीं गांवों में यह युवाओं के बदलाव से जहां सोच में अलग ही भविष्य तय होने लगेगा जिन्हें बेरोजगारी के हालात से गुजरना पड़ता था उनका भविष्य बनाने में कहीं न कहीं दक्षिण वन मण्डल अधिकारी की सोच कारगर साबित हुई यहां इन युवाओं के परिवारों की सोच भी वन अमले की इस सहयोग से सदैव हितैषी की भूमिका को लेकर जानी जायेगी। जब इन युवाओं का भविष्य संवरेगा तो गांवों में संदेश स्वयं ही लेकर जायेंगे जिससे ग्रामीणों की सोच भी वन अमले को लेकर सार्थक साबित होगी क्योंकि जहां बेरोजगारी के हालात हुआ करते थे वहां युवाओं को रोजगार दिलाने का कार्य जो वन अमले ने किया उसको सदैव कहीं न कहीं मदद के रूप में जाना जायेगा। जब जिंदगी भविष्य बनाने को लेकर मदद मिलती है तो निश्चित ही उनके नेक काम की सराहना सभी करते है। ऐसी ही दास्तां दक्षिण वन मण्डल अधिकारी की सोच के चलते अब क्षेत्र में भविष्य सुधारने का युवाओं के लिये जो कार्य किया गया उसको लेकर तरह-तरह से क्षेत्र में चर्चे व्याप्त है।

## शाहनगर थाना क्षेत्र मे हुई चोरी की घटना का 24 घंटे के अंदर खुलासा, 1 आरोपी गिरफ्तार



**पन्ना।** दिनांक 21.03.24 को फरियादी द्वारा थाना शाहनगर आकर रिपोर्ट की गई कि कोई अज्ञात व्यक्ति रात्रि मे उसके घर मे घुसकर बक्शे मे रखे 02 लाख 50 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 91/24 धारा 457,380 ता.हि. का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी शाहनगर उनि. सुयश पाण्डेय के द्वारा वरिष्ठ अधिकारिकों को दी गई जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये मामले मे टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी व चोरी गया मशरुका बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनु.अधि.(पु.) सौरभ रत्नाकर के निर्देशन में थाना प्रभारी शाहनगर उनि सुय़श पाण्डेय के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं मामले मे आरोपियो की पतारसी की गई जिसमे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एवं सायबर सेल पन्ना की मदद से 01 संदिग्ध व्यक्ति को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जो पूछताछ के आधार पर उस व्यक्ति ने चोरी की घटना को घटित करना स्वीकार किया जिसे मोके से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से मामले मे चोरी गया मशरूका नगद 02 लाख 50 हजार रूपये जप्त किया एवं आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।सराहनीय योगदान - संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर उनि. सुयश पाण्डेय़,सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, उनि. मेघा मिश्रा, उनि. संतोष मसराम, सउनि. भैयामन सिंह, प्र.आर. इदुल बक्स, जयपाल सिंह, आर. रविन्द्र कुमार, दिनेश यादव,हेमेंद्र, राकेश, सैनिक दिनेश साहू एमं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## चोरी के शक में युवक को पीटा, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी बलभद्र यादव पिता छिदढी यादव उम्र 45 साल निवासी नयापुरा द्वारी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 20 मार्च 2024 दोपहर 12रू00 मैं द्वारी में था तभी गांव का उपेंद्र यादव व साधना यादव आए और मुझसे बोले की घर चलो तब मैं उनके साथ अपने घर नयापुरा आ गया जहां पर मेरे घर के पास नीरज आदिवासी, संध्या यादव भी खड़े थे, तब उपेंद्र यादव मुझसे कहने लगा कि तुमने मेरे घर में चोरी किया है तो मैंने मना किया कि मैं कोई चोरी नहीं किया इस बात को लेकर उपेंद्र यादव एवं साधना यादव मुझे बुरी बुरी गालियां देने लगे जब मैं गाली देने से मना किया तो उपेंद्र यादव एवं नीरज आदिवासी हाथ में लाठी लिए थे जिससे मेरे साथ मारपीट करने लगे संध्या व साधना यादव भी डंडा लेकर आ गई और मुझे मारपीट करने लगे मारपीट करने लगे। मारपीट से मुझे कई चोट आ गई जब मैं चिल्लाया तो मौके पर मेरा लड़का नरेंद्र यादव आ गया जिसने मुझे बचाया इसके बाद आरोपी जाते-जाते कहने लगे कि अभी तो बच गए अगर रिपोर्ट किया तो जान से खत्म कर देंगे फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

## पन्ना पुलिस द्वारा 7 जुआरियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को जुआँ सट्टा की रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं पन्ना जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना देवेन्द्रनगर में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक अनूप यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 21.03.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि कस्बा देवेन्द्रनगर में जैन मंदिर के पास कुछ लोग रुपये पैसों से हारजीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुँआ खेल रहे है। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही करते हुये मौके से 7 जुआडियों को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुये आरोपियों के पास व फड़ से कुल 13450 रु नगद एवं ताश के 52 पत्ते जप्त किए गए। मामले में आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध क्र. 172/2024 धारा 13 जुआँ एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है।**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी.अनूप यादव, उपनिरी श्रीकृष्ण सिंह मावई, प्रआर बाबूलाल प्रजापति, आर दिलीप शर्मा, संजय, भरत पाण्डेय एवं आर. राकेश की सराहनीय भूमिका रही।

## आगामी पर्वों को लेकर थाना परिसर में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक



**पवई।** गुरुवार को थाना परिसर पवई में आगामी त्योहारों को लेकर एसडीएम श्रुति अग्रवाल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया द्य जिसमें आगामी होली पर्व,मुस्लिम पर्व, चौत्र रामनवमी पर मां कलेही मन्दिर में लगने वाले मेले, पंचमी एवं अष्टमी पर होने वाली महा आरती को लेकर चर्चा की गई तथा आदर्श आचार संहिता में त्योहारों को कैसे मनाए उसके लिए शासन के दिशा निर्देश भी बताए गए द्य इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत, कलेही मन्दिर पुजारी हरिकेश बढ़ोलिया,तहसीलदार प्रीति पंथी, नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव,थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, एस आई अवधेश दुबे, कनिष्ठ अभियंता विद्युत शिव कीर्ति शुक्ला सहित पत्रकार गण शान्ति समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## लगातार सातवीं बार अस्पताल देवेंद्रनगर को मिला कायाकल्प अवॉर्ड



**देवेन्द्रनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर लगातार 7 बी बार कायाकल्प अवार्ड से नवाजा गया राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम अभियान के तहत 2017 से लगातार कायाकल्प का 7 वा अवार्ड मिल चुका है प्रत्येक अवार्ड के साथ एक एक लाख की नगद राशि भी संस्था ने अर्जित की है देवेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं चीफ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अभिषेक जैन के नेतृत्व में अस्पताल की चकबंदी व्यवस्था एवं सुरक्षात्मक कदमों को इसका श्रेय जाता है जिसमें अस्पताल के चिकित्सक स्टाफ नर्स पैरामेडिकल स्टाफ सफाई कर्मी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जानकारी के अनुसार राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों एवं मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मानकों की कसौटी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं उन्नत हुई है तथा संक्रमण मुक्त करने तथा मरीजों को बेहतर माहौल उपलब्ध हुआ है देवेंद्र नगर अस्पताल का कायाकल्प अभियान के अंतर्गत पूर्व में कई बार टीमों के द्वारा निरीक्षण भी किया गया और इनमें मानकों के अनुरूप खरा उतरने पर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्र नगर की बेहतर रैंकिंग के फल स्वरुप कायाकल्प अवार्ड के लिए चयनित किया गया डॉक्टर जैन को पूर्व में भी दुें पुरस्कार कायाकल्प पुरस्कार कॉविड-19 पुरस्कार मातृत्व सुरक्षा शिशु पुरस्कार परिवार कल्याण पुरस्कार उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं पुरस्कार के लिए नवाजा गया है डॉ जैन द्वारा अस्पताल को प्रदेश में ही नहीं देश में ले जाकर देवेंद्र नगर अस्पताल की पहचान बनाई गई है0 इसके साथ सीएचसी देवेंद्रनगर के अन्तर गत तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारछ इटवाकला रक्सेहा को भी कायाकल्प अवार्ड दिया गया है।

## ऊषा तिवारी हुई अराजक, जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के विरुद्ध बन बैठी प्रभारी प्राचार्य

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्र नगर ऊषा तिवारी के कार्यकाल से ही जिले भर में शिक्षा विभाग की मटिया पलीत करने में पूरे मनोयोग से लगी है,पहले वित्तीय अनियमितताओं और अपनी लापरवाह कार्यशैली से शिक्षा विभाग की शाख में बट्टा लगा चुकी ऊषा तिवारी अभी भी अपनी नियम विरुद्ध कार्यशैली से अनियमितताओं के नए नए आयाम स्थापित करने में लगी है। लगातार विद्यालय में गड़बड़ियों की शिकायत समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद जिला सीईओ के हख्ताक्षेप से अपनी सुस्त कार्यप्रणाली के लिए जाने जाने वाले जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की प्रभारी ऊषा तिवारी को प्रभार से हटा कर बड़गांव हाई स्कूल की प्रभारी प्राचार्य जानवी खरे को देने और ऊषा तिवारी पर जांच संस्थित करने के आदेश जारी किए गए थे लेकिन प्रशासनिक दाव पेंच की



महारथी ऊषा तिवारी द्वारा तुरंत स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर छुट्टी ले ली ताकि प्रभार न देना पड़े लेकिन 18 मार्च को मेडिकल लीव से आते ही ऊषा तिवारी ने न केवल प्रभारी के तौर पर ज्वॉइन किया बल्कि बकायदा लाखो रुपए के चेक काटकर ये सिद्ध कर दिया की जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश उनके लिए एक कागज से जायदा कुछ नही है। वैसे अधीनस्थ कर्मचारी आखिर क्यों न अनदेखी करे जिला शिक्षा अधिकारी की क्युकी जिस प्रकार की कार्य प्रणाली जिला शिक्षा अधिकारी की है उससे तो ये आराजकता फैलना स्वाभाविक है। जिला सीईओ पन्ना के संज्ञान में मामला आने के बाद की स्थिति रोचक बन पड़ी है क्युकी जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुपालन के लिए यदि जिला सीईओ को मध्यस्थता करनी पड़े तो प्रशासनिक गाइडलाइन ध्वस्त होना तय है। फिलहाल तो खबर लिखे जाने तक ऊषा तिवारी विद्यालय से जा चुकी थी अब नया प्रभारी कौन होगा कल ये देखने वाली बात होगी।

# यादवेन्द्र सिंह परमार ने व्यवसाय के क्षेत्र में स्थापित की बुलंदियां, बने युवाओं के प्रेरणा श्रोत, संतान के भविष्य निर्माण में माता-पिता के कर्मों का परिणाम

**पन्ना।** जिले का हीरा व्यवसाय के क्षेत्र में यादवेन्द्र सिंह परमार जो माता-पिता की कर्मों से रोशन हो रहा जिले के साथ-साथ प्रदेश में कम उम्र में दमकता चमकता हीरा यादवेन्द्र सिंह परमार जो आज युवाओं के लिए बने प्रेरणा श्रोत। संतान के भविष्य निर्माण में माता-पिता के कर्मों का फल सामने आता है। चाणक्य ने अपने नीतियों में बताया है कि किस तरह से संतान अपने कुल का नाम रोशन करती है। जिस पर न सिर्फ माता-पिता बल्कि पूरे परिवार को गर्भ होता है।







ऐसा ही उदाहरण जिले के छोटे से गांव पवई विधानसभा के सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम उमरी छोटे से गांव की कहानी निकलकर आई। राजू राजा जिनका पूरा नाम राजेन्द्र सिंह परमार है। इनके बेटे यादवेन्द्र सिंह परमार ने जहां व्यवसाय के क्षेत्र में जो बुलंदी हासिल की वह आज समूचे सिमरिया, आमनगंज व पवई सहित जिले का नाम रोशन कर रहे है। प्रदेश टुडे ने आपके पिता से मिलकर सफलता का राज जाना तो पता चला परिवार की कुल देवी ईष्ट के रूप मे जिनकी कृपा राजेन्द्र सिंह स्वयं मानते है। वैसे भी संवेदनशीलता राजू राजा में अलग ही क्षेत्र में प्रख्यात है। दुरूख की खड़ी में आप सभी के काम आते है। वैसे भी संतान की सफलता के मुकाम को लेकर माता-पिता के कर्मो से फलित माना जाता है। यहां बेटे यादवेन्द्र सिंह की सफलता के पीछे उनकी माता पुष्पा राजे व पिता राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू राजा के द्वारा प्रदान किये गये संस्कार भी अमिट छाप को लेकर माने जा रहे है। आज भी यह परिवार संयुक्त रूप से अपने गांवों में मिशाल के तौर पर बना हुआ है। राजेन्द्र सिंह के छोटे भाई अमोल सिंह जो सहकारी बैंक में प्रबंधक के पद पर है। वहीं राजेन्द्र सिंह के दो बालक वहीं छोटे भाई अमोल सिंह के एक बालक तथा एक बेटी है। गौरतलब बात यह है कि बड़े बेटे यादवेन्द्र सिंह को एम.बी.ए. की डिग्री बिजेनश मैनेजमेंट को लेकर जो कराई गई आज वह व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता के मुकाम पर साबित हुई। छोटे से ग्राम उमरी के किसान पुत्र का नाम यादवेन्द्र सिंह आज स्वयं हीरे की तरह चमक बिखेर रहा है। माता-पिता से मिले संस्कार संतान स्वयं परिवार का कुल गौरव व बुलंदी तथा अपने जीवन को रोशन करने को लेकर जाना जा रहा है। आज भी शासकीय सेवा हो या निजी कम्पनियों में सेवा को लेकर जिस तरह से युवा अपनी शिक्षा दिक्षा के बाद संघर्ष को लेकर सतत प्रयासरत रहते है। वहीं कई बार असफलतायें भी सामने आती है जिससे युवाओं में हताशा भी सामने आती है। जबकि चाणक्य नीति में बताया गया है कि हर माता-पिता चाहते है कि उनका बच्चा बुलंदियों को छुए खुशियों एवं सफलताओं का ताज सदा उनके सिरे पर सजा रहे। चाणक्य कहते है संतान को योग्य बनाने के लिए अभिभावक को जिस तरह से किसान फसल की परवरिश करता है उसी प्रकार संतान की परवरिश पर गौर करना लाजमी है। फसल एक प्रकार से अच्छी पैदावार को लेकर किसान जमीन सीचता है कड़ी धूप ठण्ड और बारिश की परवार किये बगैर उसकी रखवाली करता है। जानवरों से फसल को बचाता है तभी किही अच्छी फसल होती है। वैसे ही अपने बच्चे को योग्य बनाने के लिए उसकी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सही गलत का अंतर समझाते रहना चाहिए। तभी संतान अपने का नाम रोशन करती है। जिस पर न सिफ माता-पिता बल्कि पूरे परिवार को गर्व होता है। संतान के अच्छे व्यवहार व उसके आदतों से उसके संस्कार झलकते है जो सदैव माता-पिता गुरू और बड़ों को आदर करें महिलाओं का सम्मान उसके लिए सर्वोपरी हो जो अच्छे बुरे कर्म का फर्क समझता हो ऐसी संतान हमेशा कुल का नाम रोशन करती है। ज्ञान और कुशलता के साथ-साथ संस्कार का होना जरूरी है। ऐसे लोग न सिर्फ बुलंदियों को छूते है बल्कि हर जगह सम्मान प्राप्त करते है। आदर्श माता-पिता के तौर पर उदाहरण पेश करना पड़ते है। पढ़-लिखकर जीवन में अच्छे मुकाम हांसिल करने वाले जाने जाते है। ज्ञान ही हर प्रकार के अंधकार को दूर करने की क्षमता रखता है। यहां युवाओं में जिस तरह से आज बेरोजगारी के चलते पढ़ने लिखने के बाद भी मुकाम पाने के लिए हालात है ऐसी परिस्थितियों में जिले की पवई विधानसभा अंतर्गत सिमरिया तहसील के छोटे से गांव उमरी की यह दास्ता माता-पिता के कर्मों से पुत्र को मिलती है सफलता सार्थक साबित हो रही है। किसान पुत्र यादवेन्द्र सिंह परमार जो छोटे से गांव उमरी के होते हुए भी आपने व्यवसाय के क्षेत्र में जो नाम रोशन किया है जिससे युवाओ के लिए प्रेरणा श्रोत दिशा दे रही है। वहीं आपने श्री सिद्धिविनायक नाम से अमानगंज व सिमरिया तहसील और हरदुआ जैसी छोटी जगह टीव्हीएस की एजेन्सी के माध्यम से स्वयं तो अपना व्यवसाय के क्षेत्र में अग्रणी दिशा तय की वहीं आज कई लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे है। मध्यप्रदेश सरकार की मंशा जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों के माध्यम से स्वयं को स्थापित करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा भी दी जाती है। क्योंकि कई बार यह देखने में आता है कि उद्योग के क्षेत्र में जहां स्वयं का विकास व दूसरों को रोजगार तथा क्षेत्र के विकास में भागीदारी तय होती है वहीं वर्तमान समय में जो हालात शासकीय सेवा व प्राईवेट कम्पनियों में सेवायें देने का कार्य ढूढते हुए युवा अपने आप को बेरोगारी के हालात में ठगा महसूस करते है वहीं अगर वास्तविकता में इनके जीवन निर्माण में माता-पिता के द्वारा संस्कार का ध्यान रखते हुए इनकी दिशा तय की जाती है जिस तरह से माता-पिता के कर्म जो जुड़ते है उनके प्रतिफल के रूप में संतान का भविष्य सफलता के मुकाम को लेकर दिशा तय करता है। संस्कार से ही जीवन के निर्माण को राह मिलती है। वह वर्तमान समय में युवाओं के लिए विशेष जरूरी मानी जाती है। क्योंकि युवा ही देश का भविष्य है। जो देश के भविष्य के निर्माण में योगदान भी देता है। वहीं अपने देश के लिए अपने पीछे के लोगों को उदाहरण बनकर स्वयं का जीवन निर्माण करते हुए दूसरों के लिए प्रेरणा श्रोत बनकर अपने देश के भविष्य को ध्यान में रखते है विश्वकृ गुरू का सपना तभी सकार होगा जब युवाओं में संस्कार के निर्माण पर माता-पिता का ध्यान होगा।

## खबर संक्षेप

### नौगांव पुलिस ने पकड़ी 63 लीटर अवैध शराब

**नौगांव।** थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीती रात गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम ठठेवरा में स्कूल के पीछे अवैध शराब की सप्लाई करने की फिराक में बैठे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति का नाम रामकिशोर त्रिपाठी उम्र 47 वर्ष है और वह नौगांव के वार्ड नंबर 7 सिविल अस्पताल के पास का रहने वाला है। रामकिशोर ग्राम ठठेवरा में स्कूल के पीछे खेत की मेड़ पर 7 खाकी रंग के कार्टून रखे हुए बैठा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। उक्त कार्टून में पुलिस को प्रिंस देसी मदिरा लेमन कंपनी के 350 क्वार्टर मिले, जिनमें कुल 63 लीटर शराब थी। जप्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 22 हजार 750 रूपए है। रामकिशोर के पास शराब संबंधी वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं, उसे अभिरक्षा में लेकर आबकारी अधिनियम धारा 34/2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### तीन साल पहले की थी मारपीट, अब हुई गिरफ्तारी

**छतरपुर।** आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए फरार आरोपियों, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाश एवं जिला बदर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत महाराजपुर पुलिस ने तीन वर्ष पूर्व मारपीट करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। महाराजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरभि शर्मा ने बताया कि तीन साल पहले थाने में दर्ज मारपीट के एक प्रकरण में फरार चल रहे धर्मेंद्र उर्फ लक्खा कुशवाहा उम्र 25 साल एवं हरदयाल कुशवाहा उम्र 45 साल दोनों निवासी सिंहपुर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा 24 फरवरी 2024 को स्थाई वारंट जारी किया गया था। कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा सहायक उप निरीक्षक बबलू सिंह प्रधान आरक्षक बाबूराम, आरक्षक रितेश ओझा, अनिल, योगेश, सत्येंद्र, जयकुमार की सराहनीय भूमिका रही।

### बैल ने बाईक को मारी ठोकर, जमीन पर गिरने से महिला की मौत

**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्राहा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक महिला के सिर में गंभीर चोट आई थी। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मलका निवासी 26 वर्षीय नंदकिशोर अपनी मां विद्या अहिरवार उम्र 45 वर्ष और पिता बसंता उम्र 47 वर्ष के साथ बाईक से गढ़ीमलहरा आ रहा था। नंदकिशोर अहिरवार ने बताया कि जैसे ही वह कुर्राहा के समीप पहुंचा वैसे ही सड़क किनारे खड़े एक आवारा बैल ने बाईक को ठोकर मार दी और उसकी मां विद्या बाईक से नीचे जा गिरी। गिरने के कारण विद्या के सिर में गंभीर चोट आई थी, आनन-फानन में एंबुलेंस से घायल विद्या को जिला अस्पताल लाया गया। करीब एक घंटे तक उसका इलाज किया और इसके बाद विद्या ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम किए जाने के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### तीन हजार के इनामी अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**राजनगर।** करीब तीन माह पहले राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डहर्रा में मामूली विवाद के बाद एक व्यक्ति द्वारा गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। शुक्रवार को राजनगर पुलिस ने उक्त अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। राजनगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि 26 दिसंबर 2023 को डहर्रा निवासी बाबूलाल पटेल को गोली मारकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों पर सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था, जिनमें से तीन अपराधी पकड़ लिए गए थे। एक अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर था, जिसकी गिरफ्तारी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

# जांच रिपोर्टः अमानक पाए जाने के बाद दो गुना हुआ घटिया मटेरियल, निर्माण जारी

**नौगाव।** नवीन कृषि उपज मंडी टीन शेड निर्माण में बड़ी मात्रा में घटिया मैटेरियल लगाया जा रहा था जिसकी खबरें मीडिया में प्रसारित हुईं जिस पर नौगांव एसडीएम द्वारा मंडी का निरीक्षण कर घटिया मैटेरियल लगाया जाना पाया गया।

तत्काल ही एसडीएम विषा माधवानी ने पीडब्लूडी के अधिकारी कर्मचारी बुलाकर मंडी एसडीओ हरिशंकर मिश्रा और उपयंत्री मुकुट बिहारी के समक्ष सैम्पल करवाये गये जिनकी जांच लैब में करवायी गई थी। लैब की जांच में रेत और गिट्टी अमानक पायी गई थी जिस आधार पर कार्य बंद कराया गया था। जांच रिपोर्ट के बिंदु दो और तीन अमानक पाये जाने की जानकारी जैसे ही अनुविभागीय अधिकारी पीडब्लूडी नौगाँव की रिपोर्ट में



पत्र क्रमांक/18/ तक/ 2024 नौगाव दिनांक 25 जनवरी 2024 की जानकारी नौगाँव एसडीएम को मिली तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से मंडी बोर्ड के प्रबंधक भोपाल सयुक्त संचालक सागर, कलेक्टर छतरपुर, मंडी सचिव नौगाँव को पत्र के माध्यम से सारी रिपोर्ट सौपी और सम्बन्धितों के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्र लिखा मगर ढाक के तीन पात साबित हुई कार्यवाही।

एसडीएम नौगाँव द्वारा जिस दिन से मंडी बोर्ड के अधिकारियों और कलेक्टर को शिकायती पत्र भेजा उस दिन से ठेकेदार और मंडी बोर्ड के एसडीओ हरिशंकर मिश्रा ने दो गुनी ताकत से घटिया मैटेरियल लगाना शुरू कर दिया। मीडिया द्वारा मंगलवार को मोके पर देखा गया तो वही गिट्टी और मंडी के बाहर से मुरम खोदकर उसे धोकर रेत की जगह लगाया जा रहा है। तीन करोड़ के निर्माण में किस तरह भृष्टचार किया जा रहा है यह ठेकेदार की दमखम और मंडी बोर्ड के उपयंत्रियों की मिली भगत का नमूना है।

## एमसीबीयू की भूगर्भशास्त्र अध्ययन शाला में मनाया गया विश्व जल दिवस




**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,छतरपुर की भूगर्भशास्त्र अध्ययन शाला में विश्व जल दिवस का आयोजन कुलगुरु प्रो.शुभा तिवारी के निर्देशन तथा कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एच. एन. खरे रहे,जबकि अध्यक्षता भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. पी. के. जैन ने की। विश्व जल दिवस के बारे मे प्रो. जैन ने बतलाया कि दिसंबर 1992 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जायेगा। इस वर्ष के लिए विश्व जल दिवस की थीम शांति के लिए जल का इस्तेमाल रखी गई है। भारत के कई बड़े शहरों मे भूजल का स्तर बहुत ही नीचे पहुंच चुका है। अफ्रीका के केपटाउन मे पेयजल की स्थिति भयाभय है। हमें जल बचाने के प्रयास पूर्ण मनोयोग से करना चाहिए। भूजल का उपयोग सीमित मात्रा में बुद्धिमत्ता पूर्वक करे,जिससे अगली पीढ़ी को भूजल मिल सके, हमें वर्षा जल का पुनः भरण करना होगा जिससे भूजल का स्तर सुधर सके।मुख्य अतिथि प्रो. एच.एन.खरे ने बतलाया कि छतरपुर शहर में पेयजल की स्थिति गर्मी आते ही खराब होने लगती है। सभी लोग जल को व्यर्थ न बहाएं। वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रयास करें जिससे फसलों के लिए सतही जल से सिंचाई करके भूजल को बचाया जा सके।एमएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी प्रमोद पाल ने पीपीटी के माध्यम से जल की उपयोगिता पर प्रेजेंटेशन दिया। छात्र मुकेश नारायण द्विवेदी ने भी जल को बचाने के लिए उचित सकारात्मक प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में अतिथि विद्वान मुमताज जहां मंसूरी ने सभी का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि विद्वान आशी जैन ने किया। इस कार्यक्रम में एमएससी प्रथम वर्ष तथा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## वनसोना एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोजगार के लिए चयनित किए छात्र छात्राएँ



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर 21 मार्च को वनसोना एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विश्वविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को सुलभ रूप से रोजगार प्रदान हो सकें इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ड्राइव का आयोजन ट्रेंनिग सेल का आयोजन किया गया। जिसमें साक्षात्कार समिति में वनसोना एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजमेंट हेड प्रिंस सिंह, मार्केटिंग हेड आर्यन आनंद एवं वनसोना एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड की एचआर साक्षी जयसवाल जी उपस्थित रहे। आप विषय विशेषज्ञों ने इस साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों से सम्बन्धित क्षेत्र से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जिनका प्रतिभागियों ने संतोष जनक उत्तर दिया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से कुल 113 विद्यार्थी उपस्थित रहे जिसमें 67 विद्यार्थी बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट, हॉर्टिकल्चर ऑफीसर पोस्ट के लिए चयनित किये गए। विश्वविद्यालय के कुल सचिव विजय सिंह ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यहाँ अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा ट्रेनिंग प्लेसमेंट के अवसर प्रदान किए जाते है, इस कार्य के लिए इस सेल की प्रभारी प्रतिक्षा तिवारी निश्चित ही साधुवाद की पात्र है। आज के इस ट्रेनिंग प्लेसमेंट के माध्यम से चयनित सभी सफल विद्यार्थियों के लिए यह बड़े गर्व व हर्ष का विषय है कि वह विश्वविद्यालय द्वारा चयनित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान वनसोना एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के लिए देंगे।

## प्रदर्शन करने पहुंचे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई झड़प

### आप प्रदेश सचिव सहित कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** बीती रात आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से पूरे देश के आप कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैला हुआ है। आप कार्यकर्ताओं का आरोप है कि ईडी ने सत्ता पक्ष के दबाव में आकर अनैतिक तरीके से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। इसी नाराजगी के चलते शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आप के प्रदेश सचिव अमित भटनाकर के नेतृत्व में सैकड़ा कार्यकर्ता प्रदर्शन करने के लिए छत्रसाल चौराहे पर



एकत्रित हुए। पुलिस को जैसे ही इस हंगामे की खबर मिली वैसे ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई और बाद में पुलिस ने आप के प्रदेश सचिव अमित भटनागर सहित कई प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। आप के टीकमगढ़ लोकसभा प्रभारी दिलीप शर्मा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की अनैतिक गिरफ्तरी इंडिया गठबंधन व आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार के जनहितैषी कार्यों के कारण मिली आपार सफलता से मोदी सरकार के डर का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के दबाव मे ईडी द्वारा बिना किसी सबूत के गिरफ्तारी की है, इस तरह से किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी निश्चित रूप से लोकतंत्र की हत्या है।

### नशे के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक का अभियान जारी



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत संपर्ण जिले में कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अब पुलिस ने जगह-जगह चैकिंग लगाकर शराब सहित अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही शुरु की है। बीती रात जिला मुख्यालय पर यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने शहर के कई स्थानों पर चैकिंग लगाई और ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चालकों की जांच की। इस दौरान 5 चालकों में अल्कोहल की पुष्टि होने पर उनके वाहनों को जप्त करते हुए वैधानिक कार्यवाही की गई। इसके अलावा बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों, बिना सीट बेल्ट और अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वालों तथा ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों पर भी चालानी कार्यवाही की गई।

### छत्रसाल शौर्यपीठ बुन्देली शौर्य की पहचान बना

**छतरपुर।** छतरपुर के मऊसहानियां के समीप महाराजा छत्रसाल की 51 फिट ऊंची प्रतिमा को स्थापित हुए 7 वर्ष हो चुके हैं। इस स्थान को महाराजा छत्रसाल शौर्यपीठ के नाम से पहचान प्राप्त हुई है। यह स्थान सिर्फ महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का स्थल नहीं बल्कि बुन्देली शौर्य की पहचान का स्थल भी बना है। महाराजा छत्रसाल का जीवन हमारे देश के युवाओं को बुन्देलखण्ड के पराक्रम का संदेश देता है। यह बात पद्मश्री से सम्मानित बुन्देली कवि अवध किशोर जड़िया ने कही। श्री जड़िया बीते रोज महाराजा छत्रसाल शौर्यपीठ पर आयोजित सप्तम स्थापना दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीकाराजा ने कहा कि यह स्थान देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए भी बुन्देली शौर्य को जानने, समझने का स्थान बना है। हमें महाराजा छत्रसाल के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने समाज को बेहतर बनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शौर्यपीठ पर स्थित महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का पूजन किया गया,

## निरंतर गश्त, जन संवाद और सोशल मीडिया की निगरानी करेंः पुलिस अधीक्षक

**छतरपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा जिला पंचायत छतरपुर में आयोजित बैठक के दौरान आगामी निर्वाचन पुलिस ड्यूटी संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही जिले में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु निर्वाचन आयोग एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशों से अपनी टीम को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि एवं प्रभात गश्त तथा जन संवाद करें और क्षेत्रवासियों को भयमुक्त मतदान



हेतु सुरक्षित परिवेश का एहसास कराएं। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल एवं वुलनरेबल क्षेत्र में निरंतर एरिया डोमिनेशन जारी रहे। निर्वाचन ड्यूटी में भागीदारी कर रहे केंद्रीय सशस्त्र बल के जवानों को समुचित व्यवस्थाएं एवं सुविधाओं में कमी ना रहने पाए। श्री जैन ने कहा कि पुलिसकर्मी कस्बा एवं देहात स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुपों से जुड़ें। समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के अंदर सोशल मीडिया की गतिविधियों पर नजर रखें। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, सीमावर्ती पड़ोसी राज्यों के थानों के अधिकारियों से आपसी समन्वय, संपर्क निरंतर बनाए रखें। एक दूसरे के क्षेत्र के वांछित अपराधी के बारे में जानकारी साझा करें एवं उनके आवागमन पर निगरानी रखें। श्री जैन ने अंतरराज्जीय चैकिंग प्वाइंटों के साथ-साथ समस्त थाना क्षेत्रों में चैकिंग करने, निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों व यातायात नियमों का पालन कराने और वांछित अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## अत्यधिक गांजा पीने से हुई थी मौत रंजिशन लगाया हत्या का आरोप



### ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** शुक्रवार को ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम नदगांय कला से पुलिस अधीक्षक कार्यालय आए ग्रामीणों ने शिकायती आवेदन देते हुए कहा कि गांव के एक व्यक्ति की अत्यधिक गांजा पीने के कारण मौत हो गई थी, जिसके बाद मृतक के परिजनों ने पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों पर हत्या का आरोप लगा दिया, जिस कारण से पूरा परिवार परेशान हो रहा है। एसपी को आवेदन देकर ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है।

नदगांय कला निवासी अभय पाठक ने बताया कि उसके चाचा अवध चौबे का गांव के मलूचंद्र चौबे और जगदीश चौबे के साथ पुराना जमीनी विवाद चल रहा है, जिसका प्रकरण न्यायालय में लंबित है। जगदीश चौबे का एक अन्य भाई प्रभुदयाल चौबे गांजे का नशा करता था। गत 19 मार्च को प्रभुदयाल ने अत्यधिक मात्रा में गांजे का सेवन किया और इसके बाद अपने खेत पर चला गया जहां उसकी तबियत बिगड़ी और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। उक्त पूरा घटनाक्रम गांव के हल्के भैया यादव के सामने हुआ लेकिन मृतक के परिजन मलूचंद्र चौबे और जगदीश चौबे ने जमीनी रंजिश के तहत अवध चौबे और लक्ष्मीप्रसाद पाठक पर प्रभुदयाल की हत्या का झूठा आरोप लगाकर ईशानगर थाने में शिकायत कर दी। इसी झूठी शिकायत के चलते अवध चौबे और लक्ष्मीप्रसाद पाठक का पूरा परिवार परेशान है। एसपी को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों हेतु पचमढ़ी में दो दिवसीय संचार कार्यशाला का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल जनसम्पर्क अनुभाग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों हेतु पचमढ़ी मध्यप्रदेश में दो दिवसीय ज्ञानवर्धक संचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आंतरिक संचार प्रभावकारिता और मीडिया प्रबंधन में निपुणता को बढ़ाना था, जिसमें प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा संचार से संबन्धित अपना-अपना अमूल्य दृष्टिकोण साझा किया गया। इस कार्यशाला में संकाय सदस्य के रूप में महाप्रबंधक(कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) श्री के एम प्रशांत, प्रसिद्ध सोशल मीडिया उद्यमी, श्री किरुबा शंकर और वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुये। सर्वप्रथम एनटीपीसी लिमिटेड के महाप्रबंधक(कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) श्री के एम प्रशांत ने आंतरिक संचार और मीडिया हैंडलिंग रणनीतियों की बारीकियों में गहन दृष्टिकोण प्रदान की, जिससे मजबूत संगठनात्मक बॉन्ड को बढ़ावा देने की दिशा में मार्ग प्रशस्त हो सके। डिजिटल युग में, डिजिटल मीडिया की गतिशीलता को समझना सर्वोपरि है। इसके पश्चात प्रसिद्ध सोशल मीडिया उद्यमी, श्री किरुबा शंकर ने कार्यशाला में भाग लिया और समकालीन मीडिया परिदृश्य को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठाने पर अपनी विशेषज्ञता



प्रदान की। उन्होने अपने उद्बोधन मे यह भी कहा कि संकटों से निपटने के लिए चतुराई और संयम की आवश्यकता होती है। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार ने संकट संचार में अपने समृद्ध अनुभव को साझा किया, जिससे वरिष्ठ प्रबंधन को चुनौतीपूर्ण स्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यक रणनीतियों से लैस किया गया। इस कार्यशाला में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार सहित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने कार्यशाला के लिए अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा, ₹एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा आयोजित कार्यशाला सभी प्रतिभागियों के लिए एक जबरदस्त सीखने का अनुभव रही है। इसने हमें अपने संचार कौशल को बढ़ाने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक रणनीतियाँ प्रदान की हैं। और मीडिया इंटरैक्शन को प्रभावी ढंग से संभाला है। यह पहल संचार प्रथाओं में निरंतर सुधार और उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण को दर्शाती है।₹ अमूल्य ज्ञान और व्यावहारिक ज्ञान से भरपूर इस कार्यशाला का एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधन ने उत्साह और सराहना के साथ स्वागत किया। यह संगठनात्मक सफलता को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत संचार प्रथाओं को सुनिश्चित करने, निरंतर सीखने और विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# रेप के सह आरोपी को सायबर टीम ने पकड़ा, किया हनुमना पुलिस के हवाले

रीवा। हनुमना थाना में एक साल पूर्व बलात्कार का अपराध दर्ज हुआ था। पुलिस मु य आरोपी को पकड़ कर अपनी पीठ थपथपा ली थी, लेकिन सह आरोपी को न पकड़ पाई। थाना की डायरी में आरोपी राहुल केवट पिता राजकुमार केवट 22 वर्ष निवासी खैरा जिला सीधी फरार चल रहा था। जबकि आरोपी को इस बात का आभास भी नहीं था कि हनुमना पुलिस ने उसे आरोपी बना रखा है। जब जिले भर के फरार लोगों की सूची सायबर शाखा में पहुंची तो सायबर टीम के निशाने पर बलात्कार का सह आरोपी राहुल केवट आ गया। जो इन दिनो मजदूरी करने प्रयागराज यूपी गया हुआ था। सायबर टीम ने आरोपी का ठिकाना तलास कर धर दबोचा और हनुमना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को उक्त अपराध में गिर तारी सुमार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि मु य आरोपी हनुमना थाना क्षेत्र से किशोरी को बहला कर सीधी जिले के खैरा गांव ले जाकर राहुल केवट के घर में रखे हुए था। इस बात का खुलासा तब हुआ जब किशोरी पुलिस के हाथ लगी। आरोपी सहित किशोरी को अपने घर में छुपाये जाने के अपराध में पुलिस ने राहुल केवट को सह अभियुक्त बना लिया था।

## नशीली कफ सिरफ के साथ गिरफ्तार

हनुमना पुलिस ने नशीली कफ सिरफ के साथ बस्ती बार्ड क्रमांक 12 निवासी शिवाकांत शुक्ला पिता रामेश्वर शुक्ला 37 वर्ष को गिरतार किया है। आरोपी से पुलिस ने 40 सीसी नशीली कफ सिरफ बरामद की है।

### खबर संक्षेप

## परिवहन विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



रीवा । परिवहन विभाग रीवा द्वारा लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए अवैध संचालित वाहनों पर जांच अभियान चलाकर चालानी कार्रवाही की और छोटे वाहन जैसे कार जीप स्कार्पियो इनोवा जैसे वाहनों की विशेष रूप से वाहन के अंदर और डिक्की की तलाशी ली गई। लोकसभा निर्वाचन के चलते परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा के साथ चेकपोस्ट चाकघाट और चेकपोस्ट हनुमना के स्टाफ ने वाहनों को रोककर उनकी सघन जांच का कार्य किया, जिसमें मुख्यत्तः मादक पदार्थ, पैसा,नशीली कफ सिरफ,कपड़े, ज्वैलरी आदि की जांच की गई।जांच के दौरान 30 वाहनों के ऊपर चालानी कार्रवाही करते हुए 61000 रुपए का राजस्व शमन शुल्क के रूप में अर्जित किया गया।जांच में एक बस जो सूत्र सेवा के रूप में रीवा से सतना चलती है जिसे परमिट शर्तों का उलंघन करते पाए जाने पर,नया बस स्टैंड रीवा से जप्त किया गया और बस को सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय रीवा में खड़ा कराया गया। इसके अलावा वाहनों पर अनाधिकृत रूप से पदनाम एवं संस्था के नाम का उपयोग करते हुए पाये जाने पर और निर्धारित स्वरूप में रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगाने के कारण 28 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा की गई इस कार्यवाही में एक बिना फिटनेस,बिना बीमा एक और अन्य अपराधों पर 27 चालान बनाए गए। परिवहन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई की जानकारी प्रारूप में भरकर परिवहन आयुक्त कार्यालय के माध्यम से निर्वाचन आयोग को दी गई।

## रक्त परीक्षण शिविर संपन्न



रीवा

पी.ओ.सी.टी. साईन्स हाउस मेडिकल प्राईवेट लिमिटेड भोपाल के तत्वाधान में केन्द्रीय जेल रीवा में परिरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए वृहद रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रक्त परीक्षण शिविर में लगभग 850 बंदियों के ब्लड सैम्पल लिए गये। इस अवसर पर सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक एवं उनके सहयोगी अधिकारी, संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र पमार, श्याम सिंह कुशवाह सहित चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित रहे।

# नगर पालिक निगम द्वारा शहरों में साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी

रीवा।

निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। आज वार्ड क्र. 38 एवं 40 रानीतालाब हरिजन बस्ती में संतलाल गुप्ता के घर के सामने कच्चा नाला खुदवाकर साफ कराया गया एवं मकुन्दा वाले बडे.नाला की सफाई कराई गई। वार्ड नम्बर 12 सिरमौर चौराहा पोस्ट ऑफिस के सामने का बड़ा नाला साफ कराया गया। कालेज चौराहा से लेकर जय स्तंभ चौराहा तक सड़क के दोनो तरफ की डिवाइडर एवं पटरी की सफाई, समान नाका से लेकर होटल लैण्डमार्क तथा तिवारी होटल से नहर तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। निराला नगर से लेकर इटौरा बाईपास तक सड़क के दोनो तरफ के डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। इंजीनियरिंग कालेज परिषर की सफाई, कलेक्ट्रेट एवं सिविल लाइन के अंदर सड़को की सफाई कराई गई तथा कचरे का उठाव



टैम्पों द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

# राजस्व वसूली से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

रीवा।



निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा दिनांक 22.03.2024 को नगर निगम के राजस्व वसूली से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगमायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि व्यावसायिक क्षेत्र में ऐसे दुकानदारो पर तालाबन्दी की कार्यवाही करें जिनकी बकाया सम्पत्तिकर रू. 50 हजार से अधिक की स्थिति में है, शहर में लगे दुबई मेला, संचालक के ऊपर वॉल पेंटिग खराब करने पर जुर्माना लगाये जाने की बात कही गई। राजस्व वसूली कार्य में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ वसूली के कार्य किये जाने के साथ ही सभी वसूली मे लगे अधिकारियो एवं कर्मचारियो को लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त राजस्व श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, श्री रामनरेश तिवारी, राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक श्री रविप्रकाश मिश्रा, समस्त वार्डो के सहायक राजस्व निरीक्षक, एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

## मदरसा के फर्जी अध्यक्ष को पुलिस ने फ्रॉड गिरी में भेजा सलाखों के पीछे



रीवा

जिले के मदरसा सदस्य व छोटी दरगाह स्कूल संस्था का मोहम्मद सागीर पिता शकूर खान निवासी घोघर पचमाठा फर्जी अध्यक्ष बनकर मदरसे का हाल दे दिया वही 6 लाख का एग्रीमेंट भी किया था एग्रीमेंट की शिकायत 20 /5/2022 / को थाना अमहिया में की गई तब के तत्कालीन थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया विवेचक को जांच दी गई जांच में सिद्ध होने के बाद दिनांक/2/3/-2023 फिर धारा 420 406 67 68 एफ आई आर दर्ज की गई पुलिस द्वारा कई बार दविस भी गई लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया शुक्रवार को NIA 138 के 78/2023/ के भी मामले में फरार चल रहे आरोपी सगीर खान को थाना सिटी कोतवाली ने गिरफ्तार किया जब इसकी जानकारी फरियादी वारिस खान को हुई फरियादी द्वारा अमाहिया थाने में सूचना दी गई अमहिया ने पुलिस ने मोहम्मद सागीर को किया गिरफ्तार जहा पूछताछ कर न्यायालय में पेश करके भेजा सलाखों के पीछे।

# "राष्ट्रीय विंध्य लोक नाट्य महोत्सव" के प्रथम दिवस नाटक पंच लाइट का मंचन

रीवा





संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से रंग अनुभव सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय विंध्य लोक नाट्य महोत्सव की प्रथम संध्या ज्ञान की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।
वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. विद्या प्रकाश तिवारी, समाजसेवी श्री दिनेश त्रिपाठी, स्कूल के संचालक श्री राजेश त्रिपाठी एवं प्राचार्या श्रीमती कल्पना त्रिपाठी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

### पूर्वरंग की प्रस्तुति

विंध्य के लोकगीत एवम भजन गायक - यशो शास्त्री' ग्राम भलुहा एवम साथियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई जिसमें प्रभु राम आराधना, हनुमान आराधना और रंगोत्सव के समय के अनुरूप होली गीत खेलें मसाने में होरी दिगंबर आदि मुख्य रहे।

### नाटक के विषय में

"फणीश्वरनाथ रेणु" की प्रसिद्ध कहानी पर आधारित नाटक 'पंचलाइट' का मंचन आरंभ हुआ। भारत ग्राम प्रधान देश है। नाटक पंचलाइट में भारतीय ग्रामीण परिवेश का सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किया गया है। कथा का वातावरण विंध्य का रखा गया है। जब महतो टोली के रहवासी अशिक्षित थे। लेकिन महतो टोला की पंचायत के द्वारा रामनवमी के मेले से पेट्रोमेक्स खरीदा जाता है। जिसे वे प्रेम, दुलार, नेह से 'पंचलैट' कहते हैं। 'पंचलाइट' को महतो टोला के सीधे-सादे रहवासी आत्म सम्मान हैं। पंचलाइट को देखने के लिए महतो टोला के सभी बालक, औरतें, बुजुर्ग और मर्द इकट्ठे हो जाते हैं। सरपंच अपनी पत्नी को आदेश देता है कि पंच लाइट को प्रकाशमान करने के पूर्व, शुभ कार्य को करने से पहले जितना पूजा-पाठ का प्रबन्ध कर लिया जाय। सभी जन गीत संगीत नृत्य करते हुए उत्साहित हैं, किंतु तभी एक विकट समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। 'पंचलैट' को प्रकाशित कौन करेगा? महतो टोला के सीधे-सादे लोग पंचलैट को जलाना ही नहीं जानते। महतो टोले में एक परदेसी युवक गोधन रहता है। महतो टोले की मुनरी नामक एक युवती से प्रेम करता है। इनका प्रेम प्रसंग अब शोले फिल्म के वीरू और बसंती के प्रेम प्रसंग सा जगजाहिर हो चुका है। जब मुनरी की अम्मा को पता चलता तो पंचों से गोधन की शिकायत करती है, कि गोधन हमारे घर के सामने से सिनेमा का गाना गाता हुआ निकलता है। इस शिकायत के दण्ड स्वरूप पंचों ने गोधन का गांव से हुक्का पानी बंद कर दिया था। मुनरी और मुनरी की सखी रज्जो को पता है कि गोधन इस "पंचलाइट" से रौशनी पैदा कर सकता है, और महतो टोला के आत्म सम्मान को बचा सकता है। मुनरी चतुराई से पंचों तक यह बात पहुँचा देती है। पंच गोधन का हुक्का पानी खोल देते हैं। गोधन 'पंचलाइट' को जला देता है। मुनरी की अम्मा गुलरी काकी प्रसन्न होकर गोधन को शाम के भोजन का निमन्त्रण देती है। पंच भी अतिउत्साहित होकर गोधन को कह देते हैं-"तुम्हारा सात खून माफ। खूब गाओ सलीमा का गाना।" पंचलाइट की रोशनी में लोग भजन-कीर्तन करते हैं तथा उत्सव मनाते हैं। विंध्य के गीत, संगीत, नृत्य, बोली, सभ्यता और हरकतों से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों के मन को गुदगुदाया और सभी को एक सूत्र में बांध दिया।

सरपंच के चरित्र को विपुल सिंह ने जीवंत कर दिया, दीवान के चरित्र में ओमकार शर्मा ने दर्शकों को मुंह खोल हसने पर मजबूर कर दिया, छाता वाले का चरित्र सागर मिश्रा ने बखूबी निर्वाह किया। गोधन के चरित्र में रत्नेश गोस्वामी और मुनरी के चरित्र में श्रुति कीर्ति द्विवेदी ने दर्शकों का कोमल ह्रदय स्पर्श कर अठखेलियां किया। गुलरी काकी के चरित्र अभिनेता राज कुमार कोरी ने अपनी हरकतों से दर्शकों को ठहाके लगाने और मुस्कुराने के लिए प्रेरित किया, अन्य चरित्रों में बादल नट, मोहित कुशवाहा, भूमिका निगम, काजोल, अंशिका मिश्रा, सुधीर सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, अंशिका तिवारी आदि ने न्याय किया और मन को गुदगुदाया। संगीत संकलन, संचालन एवम प्रकाश संचालन विनोद कुमार मिश्रा, मंच व्यवस्थापक राजमणि तिवारी, मंच सामग्री एवम रुपसज्जा सुधीर सिंह, वेशभूषा सुमन मिश्रा की एवम मंच परिकल्पना, प्रकाश परिकल्पना एवं निर्देशन मनोज कुमार मिश्रा ने किया है। प्रस्तुति रावेन्द्र प्रताप सिंह सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा की रही।

### 22 मार्च को नाटक


हरिश्चंद्र के चौपट राजा की प्रस्तुति होगी इसके लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र, निर्देशक विनोद कुमार मिश्रा एवं प्रस्तुति मंडप सांस्कृतिक शिक्षा कला केंद्र रीवा की होगी। रंग अनुभव के अध्यक्ष श्रीमती प्रवीण शुक्ल ने दर्शकों से अनुरोध किया की आप अपने परिजनों और मित्रों को नाटकों के मंचन देखने के लिए प्रेरित करें, नाटक जीवन को जीने का सार है जीवन जीने की राह है, जीवन की शिक्षा है।

### दर्शक हुए रोमांचित

नाटक पंच लाइट ने दर्शक दीर्घा को रोमांचित किया दर्शकों ने एक स्वर में करतल ध्वनि में कहा नाटक का मंचन सशक्त हुआ है और हमारे अंतस में अमिट लेख सा जीवन भर अंकित रहेगा। नाटक ज्ञानवर्धक है समाज में प्रेम और संभव से रहने की शिक्षा देता है। भारत में सबसे प्राचीन रंगमंचीय शैली विद्या प्रकाश तिवारी ने कहा कि भारत का असली रंगमंच जो अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है और हमारे कानों में भी ये डाल दिया गया है कि जो शैली विदेशों से यहां फली फूली वहीं रंगमंच है। ऐसा कैसे हो सकता है हमारी समस्या अलग हैं,हमारा समाज अलग है, हमारी संस्कृति है,संस्कार अलग है और सभ्यता अलग अन्य देशों से। इन्ही विचारों को मन में रख कर एक शुद्ध और देशी लोककथा "पंच लाइट" की रंगमंचीय मंचन हुआ, विस्मृत और अलग रंगानुभूति का आनंद मिला।

# बाल संप्रेक्षण गृह में प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

रीवा। स्थानीय बाल संप्रेक्षण गृह में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडे के निर्देशन में निरुद्ध अपचारी बालको को पर्यावरण शिक्षा प्रतियोगिता, पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता, पर्यावरण शिक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान बालकों को पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ और पर्यावरण को बचाने के बारे में जानकारी दी गई तथा प्रतिभागी बालको को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती नीलिमा देवदत्त ,




जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव ,अधीक्षक बाल संप्रेषण गृह रीवा श्रीमती अर्चना पचौरी सहित पुष्पराज सिंह, श्रीमती नीता गुप्ता तथा स्टाफ उपस्थित रहा।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किए जा रहे आयोजित

रीवा। लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। रीवा और मऊगंज जिले की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों के सहयोग से लगातार मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके द्वारा पूरा कार्यक्रम तैयार किया गया है। सभी संबंधित अधिकारी स्वीप प्लान के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। सभी रिटर्निंग आफीसर गत लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले सभी मतदान केन्द्रों में 20 अप्रैल तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा आठ जागरूकता रथ भेजे गए हैं। इनके द्वारा मतदान केन्द्रवार भ्रमण कर 20 अप्रैल तक मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। स्वीप गतिविधि के तहत फाग उत्सव का






भी आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर ने बताया कि 23 अप्रैल को रीवा और मऊगंज जिले के सभी शासकीय और निजी कालेज तथा स्कूलों में रैली निकाली जाएगी। इसी दिन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में भी रैली निकालकर एवं मानव श्रंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी तथा कुल सचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को रीवा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता के फ्लैक्स बैनर एवं होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कालेज के प्राचार्यों को उनके शिक्षण संस्था में मतदाता जागरूकता के लिए फ्लैक्स तथा बैनर लगाने एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश दिए हैं। मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए सभी पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें तथा सभी शासकीय अस्पतालों में भी मतदाता जागरूकता के फ्लैक्स और बैनर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को सभी चेकपोस्ट, टोल बैरियर एवं वाहनों में मतदाता जागरूकता के संदेश प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को उनके कार्यालयों में मतदाता जागरूकता से संबंधित सभी कार्यक्रमों के आयोजन एवं पोस्टर बैनर लगाने के निर्देश दिए हैं।